दैनिक सामयिकी: ०४.०५.२०२१

1. राज्यों को पूंजीगत व्यय के लिए भारत सरकार 15,000 करोड़ रुपये प्रदान करेगी

- वित्त मंत्रालय ने राज्यों को पूंजीगत परियोजनाओं पर खर्च करने के लिए 50 वर्षों के लिए ब्याज मुक्त ऋण के रूप में 15,000 करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त रकम प्रदान करने का फैसला किया है।
- व्यय विभाग ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए **"राज्यों को पूंजीगत व्यय के लिए वित्तीय सहायता की योजना"** पर नए दिशानिर्देश जारी किए है।
- **पूंजीगत व्यय** विशेष रूप से गरीबों एवं अकुशल लोगों के लिए रोजगार पैदा करता है और इसका उच्च बहुगुणक प्रभाव होता है। इसके अलावा यह अर्थव्यवस्था की भविष्य की उत्पादक क्षमता को बढ़ाता है और आर्थिक वृद्धि की उच्चतर दर के रूप में इसके परिणाम दिखाई देते हैं।
- **नोट:** राज्यों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए "राज्यों को पूंजीगत व्यय के लिए वित्तीय सहायता की योजना" 2020 में शुरू की गई थी।
- इस योजना के तहत राज्य सरकारों को 50 वर्षों के लिए ब्याज मुक्त ऋण के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जानी है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में इस योजना के लिए अधिकतम 12,000 करोड़ रुपये की रकम निर्धारित की गई थी और राज्यों को 11,830.29 करोड़ रुपये की रकम जारी की गई थी।

2. TRIFED ने जनजातीय विकास के लिए 'द लिंक फंड' के साथ हाथ मिलाया

ट्राईफेड TRIFED tribes India ट्राइब्स इंडिया

Tribal Co-Operative Marketing Development Federation of India Limited
Ministry of Tribal Affairs, Govt. of India

- TRIFED ने "**भारत में जनजातीय परिवारों की टिकाऊ आजीविका**" संबंधी एक परियोजना पर 'द लिंक फंड' के साथ प्रवेश किया हैं।

- TRIFED और द लिंक फंड ने जनजातीय विकास और रोजगार सृजन की दिशा में एक साथ काम करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।
- MoU पर TRIFED के प्रबंध निदेशक श्री प्रवीर कृष्ण और द लिंक फाउंडेशन के सह संस्थापक तथा CEO टोनी काम द्वारा हस्ताक्षर किए गए।
- इस सहयोग के अंतर्गत दोनों संगठन महिला केंद्रित बुनियादी ढांचा विकसित करने और नवाचार तथा नव उद्यमिता के लिए मिलकर काम करेंगे।
- **द लिंक फंड** संस्था का मुख्यालय स्विट्जरलैंड के जेनेवा में स्थित है, जो अत्यंत पिछड़े समुदायों में गरीबी उन्मूलन तथा जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से उनको बचाने के लिए काम करती है।
- **ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (TRIFED) के बारे में तथ्य:**

  स्थापना: 1987

  मुख्यालय: नई दिल्ली

  मूल संगठन: जनजातीय मामलों के मंत्रालय

  प्रबंध निदेशक: प्रवीर कृष्ण

3. भारत, रूस विदेश, रक्षा मंत्रियों के बीच एक '2 + 2 मंत्रिस्तरीय संवाद ' की स्थापना करेंगे

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दो देशों के विदेश मंत्री और रक्षा मंत्रियों को शामिल करते हुए एक नया वार्षिक भारत-रूस 2 + 2 संवाद स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की।
- मॉस्को के साथ 2 + 2 संवाद शुरू करने के लिए नई दिल्ली का उद्देश्य स्पष्ट रूप से भारत-प्रशांत क्षेत्र में संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ भारत के बढ़ते रणनीतिक अभिसरण और रूस के साथ लंबे समय से चली आ रही रक्षा साझेदारी के बीच एक संतुलन बनाना है।
- **नोट:** रूस अब उन देशों के एक छोटे समूह का हिस्सा बन गया है जिनके साथ भारत के विदेश और रक्षा मंत्रियों के 2 + 2 संवाद हैं। **भारत के पास अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ ऐसे तंत्र हैं।**

4. ऑपरेशन समुद्र सेतु II के लिए सात भारतीय नौसेना जहाज तैनात किए गए

- COVID-19 के खिलाफ देश की लड़ाई के समर्थन में तथा ऑपरेशन समुद्र सेतु II के हिस्से के रूप में सात भारतीय नौसेना जहाजों अर्थात् कोलकाता, कोच्चि, तलवार, टाबर, त्रिकंड, जलश्व तथा ऐरावत को विभिन्न देशों से लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन-फिल्ड क्रायोजेनिक कंटेनर्स और संबंधित मेडिकल इक्विपमेंट को पोत लदान के लिए तैनात किया गया है।

- INS कोलकाता तथा INS तलवार, जो फारस की खाड़ी में मिशन के लिए तैनात थे, जहाजों की पहली खेप थे जिन्हें तत्काल इस दायित्व के लिए डायवर्ट किया गया और उन्होंने बहरीन के मनामा बंदरगाह में प्रवेश किया।
- जहाजों की दूसरी खेप जिसमें कोच्चि, टाबर, त्रिकंड शामिल हैं और जो अरब सागर में मिशन की तैनाती में थी, को भी राष्ट्रीय प्रयासों में शामिल करने के लिए मोड़ दिया गया है।
- **नोट:** उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन समुद्र सेतु 2020 में नौसेना द्वारा आरंभ किया गया था और COVID 19 के प्रकोप के बीच पड़ोसी देशों में फंसे लगभग 4000 भारतीय नागरिकों को सफलतापूर्वक भारत वापस लाया गया था।

5. 23 वें ASEAN-भारत के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक

Image: ASEAN

- विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) रीवा गांगुली दास ने थाईलैंड के स्थायी सचिव थानी थोंगफाकडी के साथ 23 वें ASEAN-भारत के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक 2021 की सह-अध्यक्षता की।
- बैठक के दौरान, राजनीतिक-सुरक्षा, आर्थिक, सामाजिक-सांस्कृतिक और विकासात्मक सहयोग के पूरे स्पेक्ट्रम के तहत चल रहे ASEAN-भारत सहयोग की स्थिति की समीक्षा की गई।

- बैठक ने ASEAN-भारत योजना 2021-2025 को लागू करने के कदमों पर भी विचार-विमर्श किया और ASEAN-भारत रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।
- ASEAN के वरिष्ठ अधिकारियों ने वर्ष 2022 को ASEAN- भारत मैत्री वर्ष के रूप में मनाने के भारत के प्रस्ताव का स्वागत किया क्योंकि यह ASEAN- भारत की क्षेत्रीय साझेदारी की 30 वीं वर्षगांठ, संवाद साझेदारी की 25 वीं वर्षगांठ, शिखर सम्मेलन-स्तरीय साझेदारी की 20 वीं वर्षगांठ और सामरिक भागीदारी की 10 वर्षों की घोषणा है।
- **एसोसिएशन ऑफ साउथईस्ट एशियन नेशंस (ASEAN) के बारे में तथ्य:** यह इस क्षेत्र के सबसे प्रभावशाली समूहों में से एक माना जाता है, और भारत और अमेरिका, चीन, जापान और ऑस्ट्रेलिया सहित कई अन्य देश इसके संवाद भागीदार हैं।

  ASEAN के 10 सदस्य देश इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रुनेई, वियतनाम, लाओस, म्यांमार और कंबोडिया हैं।

  मुख्यालय: जकार्ता, इंडोनेशिया

  स्थापना: 8 अगस्त 1967

6. राज्य आपदा राहत कोष (SDRF) के लिए 8,873.6 करोड़ रुपये की पहली किश्त अग्रिम तौर पर जारी

- वित्त मंत्रालय के अंतरर्गत व्यय विभाग ने गृह मंत्रालय की सिफारिश पर एक विशेष व्यवस्था के तहत सभी राज्यों को वर्ष 2021-22 के लिए राज्य आपदा राहत कोष (SDRF) के केंद्रीय हिस्से की पहली किस्त को निर्धारित समय से पहले अग्रिम तौर पर जारी किए हैं। राज्यों को 8,873.6 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।
- **नोट:** सामान्य तौर पर SDRF की पहली किस्त वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार जून में जारी की जाती है। जारी की गई रकम के 50 प्रतिशत यानी 4,436.8 करोड़ रुपये तक का उपयोग राज्यों द्वारा COVID-19 की रोकथाम संबंधी उपायों के लिए किया जा सकता है।

7. संजय कुमार मोहंती ने रेल मंत्रालय में रेलवे बोर्ड (परिचालन एवं व्यवसाय विकास) के नए सदस्य का पदभार संभाला

- संजय कुमार मोहंती ने रेल मंत्रालय में रेलवे बोर्ड (परिचालन एवं व्यवसाय विकास) के नए सदस्य और कार्यकारी अधिकारी का पदभार संभाल लिया है।

- श्री मोहंती रेलवे बोर्ड के सदस्य के पद पर आसीन होने से पहले दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक थे।

- श्री मोहंती ने भारतीय रेलवे में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। वे प्रधान कार्यकारी निदेशक (यातायात परिवहन) / रेलवे बोर्ड, ईस्ट कोस्ट रेलवे में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक और मुख्य सतर्कता अधिकारी तथा खुर्दा रोड डिवीजन में मंडल रेल प्रबंधक रह चुके हैं।

8. जापानी सरकार ने जापानी शिक्षिका श्यामला गणेश को "ऑर्डर ऑफ द राइजिंग सन" से सम्मानित किया

- बेंगलुरु की रहने वाली जापानी शिक्षिका श्यामला गणेश को हाल ही में जापानी सरकार द्वारा "ऑर्डर ऑफ द राइजिंग सन" से सम्मानित किया गया था।
- श्यामला बेंगलुरु के आरटी नगर में सेप्टुजेनिरेनियन इंस्टीट्यूट के साथ-साथ ओहारा स्कूल ऑफ इकेबाना में एक जापानी प्रशिक्षक हैं।
- **'ऑर्डर ऑफ द राइजिंग सन' के बारे में:** यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों में उपलब्धियों, जापानी संस्कृति को बढ़ावा देने, पर्यावरण संरक्षण, कल्याण या अपने क्षेत्रों में उपलब्धियों वाले व्यक्तियों पर सम्मानित किया जाता है। यह 1875 में जापानी सम्राट मेजी द्वारा गठित किया गया था।

- **जापान के बारे में तथ्य:**
  राजधानी: टोक्यो।
  मुद्रा: जापानी येन
  प्रधानमंत्री: योशीहाइड सुगा

9. सितार उस्ताद पंडित देबू चौधरी का निधन

- पंडित देवव्रत (देबू) चौधरी ने संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्मभूषण, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार सहित कई सम्मानों को जीतते हुए, छह दशकों तक दुनिया भर में अपनी कला का प्रदर्शन किया।
- वे एक शिक्षाविद् और लेखक भी थे।

gradeup